मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 244 ■ शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



मल्लिका शेरावत से ED ने की पूछताछ

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

# वालधुनी नदी में छोड़ा जा रहा दूषित पानी

■ **औद्योगिक और घरेलू अपशिष्ट पानी सीधे नदी में छोड़ा जा रहा**



**कल्याण.** सह्याद्रि पर्वत माथेरान और हाजीमलंग की पहाड़ियों से निकलनेवाली वालधुनी नदी, 80 के दशक तक स्वच्छ पानी का एक बारहमासी स्त्रोत थी। लेकिन अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण के औद्योगिक और घरेलू अपशिष्ट जल को सीधे धारा में छोड़े जाने से वालधुनी की धारा अत्यधिक प्रदूषित हो गई। वहीं दूसरी ओर बढ़ते अतिक्रमण के कारण वालधुनी का स्वरूप खराब हो गया है। इस नदी की याद सबसे पहले सरकार को 26 जुलाई 2005 की भारी बारिश के दौरान आई थी। मुंबई की मीठी नदी की तरह वालधुनी के संरक्षण के लिए एक प्राधिकरण स्थापित करने का निर्णय लिया गया। हकीकत में कागजी रिपोर्टों, सतही सर्वेक्षणों और नारेबाजी के अलावा कुछ नहीं हुआ।

इस बीच, अंबरनाथ के वडोल गांव में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया था कि न केवल स्थानीय बल्कि सुदूर वापी क्षेत्र की औद्योगिक फैक्ट्रियां भी रात में गुप्त रूप से प्रदूषित रासायनिक अपशिष्ट जल टैंकरों को वालधुनी में खाली कर रही हैं। सरकार के पर्यावरण विभाग ने इसे गंभीरता से लिया और जांच के आदेश दिये. वर्तमान में इसकी हालत एक विशाल नाले जैसी हो गयी है.

वालधुनी नदी माथेरान-मलंगगढ़ पहाड़ी श्रृंखला पर ताहुली पहाड़ियों से निकलती है। यह नदी आगे चलकर उल्हास नदी में मिल जाती है। वगैरह। वालधुनी नदी की कुल लंबाई 11 हजार 700 मीटर है। जिसमें से 3 हजार 600 मीटर लंबाई कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र में है। उल्हासनगर क्षेत्र से 1 हजार 200 मीटर लंबी वालधुनी बहती है। इस नदी पर सड़क यातायात के लिए 1 रेलवे पुल और 2 पुल हैं। नदी ताहुली पहाड़ियों से अंबरनाथ शहर में प्रवेश करती है और आगे उल्हासनगर से कल्याण शहर तक पहुंचती है। वालधुनी कल्याण में मोहने ब्रिज के पास उल्हासनदी में मिलती है।

■ **औद्योगिक अतिक्रमण द्वारा पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन**

अब तक, अंबरनाथ आनंदनगर औद्योगिक एस्टेट से सीवेज काकोले झील के किनारे नाले में छोड़ा जा रहा था। लेकिन अब आनंदनगर औद्योगिक कॉलोनी की कंपनियां काकोले झील से आगे फैलने लगी हैं। वालधुनी की धारा MIDC द्वारा एक कंपनी को दी गई 50 एकड़ भूमि से होकर बहती है। यह पाया गया कि उक्त भूखंड देते समय कंपनी ने नदी से संबंधित पर्यावरणीय मानदंडों का खुला उल्लंघन किया है। ऐसा लगता है कि कंपनी ने अपनी साइट के चारों ओर बाड़ लगाते समय नदी को ही अवरुद्ध कर दिया है।

■ **वालधुनी नदी का अस्तित्व खतरे में**

धनगरवाड़ी माहुली पहाड़ियों से बहने वाली वाल्धुनी की धारा के किनारे पहली मानव बस्ती थी। लेकिन नाम भले ही धनगरवाड़ी है, लेकिन 55 घरों की इस आदिवासी बस्ती में सभी ठाकर समुदाय के लोग हैं। वालधुनी की निचली धारा काकोले झील यानी जीआईपी बांध से मिलती है।

■ गर्मियों में नदी का तल सूख जाता है। हालाँकि, नदी के किनारे ग्रामीणों द्वारा खोदे गए कुओं में बारहमासी पानी रहता है। लेकिन गर्मियों में जब कुएं डूब जाते हैं तो बस्ती के लोगों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। यह एकमात्र मौजूदा बस्ती है जो पीने के प्रयोजनों के लिए वालधुनी पानी का उपयोग करती है।

■ धनगरवाड़ी के निचले हिस्से में बोहोनोली गांव है। इस गांव में वालधुनी की धारा पर रोटरी क्लब द्वारा बनाया गया कंक्रीट का तटबंध भी गाद से भर गया था। इससे इसकी जल भंडारण क्षमता कम हो गयी है. फिर भी, बांधों के कारण अवरुद्ध कुछ पानी का उपयोग ग्रामीण कपड़े धोने, बर्तन धोने आदि के लिए करते हैं। इलाके के कुछ किसान इस पानी पर सब्जियां भी उगाते हैं।

■ अप्रैल–मई के महीने में पानी की कमी के दौरान ग्रामीणों के लिए गड्ढे खोदकर पानी का उपयोग करने की नौबत आ जाती है. अत्यधिक अपर्याप्त जल भंडारण और बढ़ती जनसंख्या के कारण, ठाणे जिले की शहरी बस्तियों को बड़े जल संकट का सामना करना पड़ा है। इस पृष्ठभूमि में, वालधुनी बचाव अभियान को अब जीआईपी बांध से आगे बढ़ाना होगा। अन्यथा, नदी बर्बाद हो जाएगी.

# ससुर ने दामाद पर एसिड फेंका





■ **मामूली बात पर विवाद**

■ **हमलावर ससुर फरार**

**कल्याण.** कल्याण शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां दामाद और ससुर के बीच मक्का-मदीना और कश्मीर जाने को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया और गुस्साए ससुर ने अपने दामाद पर एसिड फेंक दिया। इस घटना में ईबाद फालके नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज कल्याण के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। ईबाद फालके का हाल ही में जकी खोटाल की बेटी से निकाह हुआ था।

ईबाद हनीमून पर कश्मीर जाना चाहता था, जबकि ससुर जकी खोटाल की इच्छा थी कि नवविवाहित जोड़ा मक्का-मदीना प्रार्थना के लिए जाए। इस बात को लेकर पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच कहासुनी हो रही थी। गुरुवार रात लगभग 8 बजे, जब ईबाद लाल चौकी इलाके से अपने घर की ओर पैदल जा रहा था, तभी जकी खोटाल ने उसे रोक लिया। बहस के दौरान जकी ने अचानक अपने साथ लाए एसिड को ईबाद पर फेंक दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बाजारपेठ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बाजार पेठ पुलिस ने जकी खोटाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में जुटी है।

## डॉ. बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण शीघ्र हो

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-04 स्थित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की पूर्णाकृति प्रतिमा को पिछले दो-तीन महीने से कपड़े से ढंककर रखा गया है. उल्हासनगर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने मनपा आयुक्त विकास ढाकने को एक लिखित निवेदन के माध्यम से जल्द से जल्द प्रतिमा का अनावरण करने की मांग की है।

बयान में कहा गया है कि पिछले दो महीने से सुभाष टेकड़ी, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर चौक, उल्हासनगर 04 में बनाई गई डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की पूर्णाकृति प्रतिमा का अनावरण समारोह राजनीतिक और सरकारी प्रशासन की उपेक्षा के कारण नहीं है। भंते, धम्मपाल, एड. प्रशांत चंदनशिव, अभिजीत चंदनशिव, विजय गायकवाड़ रेखा उबाले, संदीप उबाले, निवेदिता जाधव, प्रफुल्लता मोहम्मद, शीतल कर्डक, दीपक निकम, अक्षय सोनवणे, अमर मोरे, आबासाहेब साठे, संदीप अहिरे, सागर खैरे, सत्यशील उमाले, आशुतोष जोडगे, रोशन पगारे, सुभाष गायकवाड़, प्रीतम हेडिंगे, विशाल हेडिंगे के प्रतिनिधिमंडल ने उल्हासनगर मनपा के अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस से मुलाकात की और लिखित बयान दिया है.

# उमनपा : ऑनलाइन निर्माण प्रस्ताव को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यशाला

■ **महाआईटी अधिकारियों ने किया मार्गदर्शन**



**उल्हासनगर.** प्रारंभिक ऑफ़लाइन निर्माण प्रस्ताव प्रक्रिया को बंद कर दिया गया है और अब एक ऑनलाइन प्रणाली लागू की गई है। हालाँकि, तकनीकी कठिनाइयों की बढ़ती शिकायतों के कारण, उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने के मार्गदर्शन और सहायक निदेशक शहरी विकास ललित खोब्रागड़े की पहल पर ऑनलाइन निर्माण शुरू किया गया। प्रस्ताव प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यशालाओं के साथ-साथ प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। जिसमें महाआईटी के अधिकारियों ने लोगों का मार्गदर्शन किया.

निर्माण अनुमति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए मनपा आयुक्त विकास ढाकने और सहायक निदेशक शहरी विकास ललित खोब्रागड़े ने 1 अगस्त से ऑनलाइन निर्माण प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू की है, हालांकि इसमें कई तकनीकी दिक्कतें हैं. चूंकि प्रस्तावों को कम प्रतिक्रिया मिल रही है, इसलिए आयोजित कार्यशाला में महाआईटी के परियोजना प्रबंधक सचिन देवरे और आरिफ शाह और सहायक निदेशक शहरी नियोजन ललित खोब्रागड़े ने आर्किटेक्ट्स को यह बताया कि यह प्रक्रिया ऑफलाइन के बजाय ऑनलाइन हुई है, लेकिन प्रक्रिया वही है।

पहले कागज-आधारित प्रक्रिया को अब ऑनलाइन दस्तावेज़ जोड़कर प्रस्ताव प्रस्तुत करके भवन निर्माण की अनुमति का रास्ता आसान बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यशाला को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया है। इसलिए शहरी विकास विभाग के सहायक निदेशक ललित खोब्रागड़े ने यह विश्वास व्यक्त किया है कि बड़ी संख्या में निर्माण प्रस्ताव ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है.

इस अवसर पर शहरी नियोजक विकास बिरारी, अधिकारी किरण घुगे, पीयूष घरत, संजय पवार, आर्किटेक्ट अतुल देशमुख, लक्ष्मण कटारिया, भूषण रूपाणी, एड. प्रकाश कुकरेजा, अमर जग्यशी प्रतिनिधि किरण रोमन, सारंग थोरात की बेटी सुष्मिता थोरात, दुर्गा श्रीवास्तव और अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## राजस्व सहायक रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**कल्याण.** एक राजस्व सहायक को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया. ठाणे भ्रष्टाचार निवारण पथक द्वारा कल्याण तहसीलदार कार्यालय में यह कार्रवाई की गयी है. जमीन खरीदने के बाद सातबारा में रजिस्ट्री करने के लिए रिश्वत मांगी गयी थी. रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए राजस्व सहायक का नाम संतोष पाटिल (46) बताया गया है. संबंधित शिकायतकर्ता ने कल्याण तहसील के रायते गांव में दस गुंठा जमीन खरीदी है. शिकायतकर्ता किसान इस जमीन की 7-12 नकल और नामांतरण कानूनी रूप से अपने नाम कराने का प्रयास कर रहा था, लेकिन तहसीलदार कार्यालय में कार्यरत राजस्व सहायक संतोष पाटिल ने शिकायतकर्ता से सात बारा पर पंजीयन का प्रस्ताव भेजने के लिए 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की. सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बावजूद पैसे की मांग की जा रही थी, इसलिए नाराज किसान ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के ठाणे विभाग में शिकायत की.

# उल्हासनगर के फर्जी डॉक्टर रडार पर!

■ **3 फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

■ **महानगर पालिका के पास 26 डॉक्टरों की सूची है**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर चिकित्सा व्यवसाय चलाने वाले फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ उल्हासनगर मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने एक अभियान शुरू किया है। शहर के स्लम इलाकों में अवैध क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज करने वालों के खिलाफ विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। साथ ही महानगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग ने 26 फर्जी डॉक्टरों की सूची भी तैयार की है. स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इनके प्रमाणपत्रों की जांच की जा रही है। उक्त जानकारी मनपा की स्वास्थ्य अधिकारी मोहिनी धर्मा ने दी है.

महाराष्ट्र काउंसिल ऑफ होम्योपैथी के प्रबंधक डॉ. कैलास सोनमनकर ने उल्हासनगर मनपा के स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजकर कार्रवाई का सुझाव दिया है. तदनुसार, महानगर पालिका की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्म के मार्गदर्शन में सत्यम गुप्ता, डॉ. मोनिका जाधव की टीम ने महादेव नगर, कैंप नंबर चार स्थित महादेव हेल्थ केयर सेंटर पर अचानक छापा मारा और इस अस्पताल में अवैध रूप से मरीजों का इलाज कर रहे डॉ. प्रदीप कछवानी, डॉ. संदीप कछवानी और डॉ. जयदीप कछवानी के प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया। ये प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए।

इस समय यह पाया गया कि उपरोक्त सभी डॉक्टर एलोपैथी का इलाज कर रहे थे जबकि वे इलेक्ट्रोपैथिक के साथ-साथ क्रॉसपैथिक भी थे। विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने मनपा स्वास्थ्य विभाग की शिकायत के आधार पर तीनों डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने बताया कि संबंधित तीनों डॉक्टरों के प्रमाणपत्रों की जांच चल रही है.

# आनलाइन लॉटरी पर कार्रवाई हो

■ **विधायक कुमार आयलानी ने मुख्यमंत्री से की मांग**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस से उल्हासनगर शहर में चल रहे अनाधिकृत व्यापार एवं ऑनलाइन लॉटरी पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है.

गौरतलब है कि उल्हासनगर शहर में बड़ी संख्या में अनाधिकृत कारोबार चल रहा है और विभिन्न स्थानों पर ऑनलाइन लॉटरी जुआ गांजा की बिक्री, एमडी गुटखा, मटका, क्रिकेट सट्टा, हुक्का पार्लर, डांस बार, अवैध गांवों और देशी शराब की बिक्री और पान टपरी पर खुलेआम गुटखा की बिक्री हो रही है। उल्हासनगर विधान सभा के विधायक कुमार आयलानी मुख्यमंत्री महाराष्ट्र राज्य देवेन्द्र फड़णवीस, समेत पुलिस महानिदेशक और ठाणे पुलिस आयुक्त को एक निवेदन दिया है, जिसमें उल्हासनगर शहर में चल रहे अनाधिकृत व्यापार एवं ऑनलाइन लॉटरी पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है.

# कचरा उठाने का ठेका फिर से उसी ठेकेदार को

■ **फिर से लगा शहर में कचरे का ढेर**





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद ने 5 वर्षों के लिए फिर से पुराने ठेकेदार को 80 करोड़ 25 लाख रुपयों का ठेका दिया है, जिस पर आरोप है कि वह शहर का कचरा सही ढंग से संकलन नहीं करता. गत चार महिने से ठेकेदार ने काम शुरू कर देने के बावजूद शहर का कचरा सही ढंग से नहीं उठाने की एवं घंटा गाड़ी 2 से 3 दिन तक इमारतों तक नहीं पहुंचने की शिकायतें प्राप्त हो रही है.

शहर का 160 मीट्रिक टन घनकचरा व्यवस्थापन के लिए ये टेंडर दिया गया है. 8 वर्षों के बाद ये टेंडर निकाला गया है, जबकि ठेका 5 वर्षों के लिए था. पहले 5 वर्षों के लिए ये ठेका समीक्षा कन्स्ट्रक्शन को 65 करोड़ में दिया गया था. यानी हर वर्ष नपा प्रशासन 13 करोड़ रुपए ठेकेदार को देता था. तांत्रिक कारणों से पांच वरष के बाद दो से डाई वर्ष तक ठेकेदार को मुदत बढ़ाकर दी गई थी. अब फिर से उसी ठेकेदार को पांच वर्ष के लिए 80 करोड़ 25 लाख रुपयों में दिया गया है. समीक्षा को दोबारा ये ठेका देने से सवाल उठ रहे हैं कि क्या शहर के कचरे की समस्या क्या वाकई में दूर हो जाएगी?

चौथा महिना शुरू होने के बाद भी ठेकेदार ने 50 प्रतिशत घंटा गाड़ी अभी तक नहीं लागाय है, जिसके कारण शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर दिखाई दे रहा है. इमारतवासी भी परेशान हैं. ठेकेदार को 84 घंटा गाड़ी से कचरा उठाना है, लेकिन उसके पास अब केवल 45 घंटा गाड़ी है. आरसी गाड़ी 12 होनी चाहिए लेकिन 5 है. डंपर 4 होना चाहिए, 4 चल रहे हैं. क्षमता से ठेकेदार को कार्य करने के लिए नोटिस दिया गया है. ऐसा मुख्याधिकारी ने कहा है.

# खिदमत-ए-उम्मत कमेटी द्वारा सामूहिक विवाह 8 फरवरी को

■ **कमेटी ने अब तक दर्जनों मुफ्त शादिया कराईं**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में गत 4 वर्षों से खिदमत-ए-उम्मत कमेटी ने जरूरतमंदों एवं गरीबों की मुफ्त में दर्जनों शादियां करा कर दी हैं. पांचवे वर्ष में सामूहिक विवाह (इज्तेमाई निकाह) कार्यक्रम का आयोजन 8 फरवरी 25 को शहर पश्चिम से गैबनशाह वली मैदान में रखा गया है. ऐसी जानकारी हमें कमेटी के जफर लाला एवं समीर शेख ने दी है. उन्होंने मुस्लिमों से अपील की है कि इज्मेमाई निकाह के लिए जरूरतमंदों के नामों को वह कमेटी के पास उनके कार्यालय समीर ट्रांसपोर्ट उलन चाल में रजिस्टर कराएं.

कमेटी द्वारा ये भी जानकारी दी गई है कि शादी का सारा खर्च खिदमत-ए-उम्मत कमेटी की ओर सेकिया जाता है. सभी बारातियों के खाने का प्रबंध भी किया जाता है. दूल्हा-दुल्हन के परिवार से किसी भी प्रकार का पैसा नहीं लिया जाता है. घरों में इस्तेमाल होने वाला सामान जैसे अल्मारी, पलंग, मिक्सर, कूकर, कपड़े आदि भी कमेटी की तरफ से दिए जाते हैं.

उम्मत कमेटी के सदस्यों जफर लाला, समीर शेख, जलाल करीम शेख, नदीम शेख, नईम शेख ने मुस्लिमों से अपील की है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शरीक होकर दूल्हा दुल्हन को मुबारकबाद दें और कार्यक्रम को सफल बनाएं.

# मालिक को मारने के बाद बैल की भी मौत

■ **बदलापुर के वालिवली की घटना**



**बदलापुर.** बदलापुर के वालिवली गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। इस गांव के निवासी विजय म्हात्रे (35) को पहले उनके बैल ने मार डाला और अपने मालिक को मारने के कुछ ही घंटों के भीतर इस बैल की भी मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की शाम की है और इस घटना से पूरे वालिवली गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के मुताबिक मृतक विजय म्हात्रे कराटे और स्केटिंग में माहिर थे। बदलापुर के एक निजी स्कूल में वह शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। विजय म्हात्रे को बैल दौड़ का विशेष शौक था। इसके लिए वह काफी दूर दूर तक जाते थे। इसके लिए उन्होंने तीन साल पहले इस बैल को खरीदा था। बैल रख-रखाव और खान-पान का ख्याल भी विजय म्हात्रे खुद रखते थे। रेसिंग बैल होने के कारण उसका चारा अच्छा और महंगा मिलता था। उसकी देखरेख विजय म्हात्रे बड़े उत्साह से करते थे। दौड़ में बैल को चलने और दौड़ने का दैनिक अभ्यास था। मंगलवार की शाम को हमेशा की तरह लगभग पांच से साढ़े पांच बजे के समकक्ष विजय म्हात्रे अपने बैल को घर के पास बाड़े में ले गए। जब विजय म्हात्रे 8.30 बजे तक घर नहीं लौटे तो घरवालों ने पड़ोसियों की मदद से उनकी तलाश शुरू की। घर से कुछ अंतर पर खेत में विजय म्हात्रे को खून से लथपथ व मृत पाया गया। जिससे यह समझ में आया कि विजय की मौत बैल द्वारा शरीर पर किए गए घावों तथा पेट में बड़े घाव के कारण हुई है।

## राज्य उत्पादन शुल्क विभाग उल्हासनगर यूनिट के प्रदर्शन

**उल्हासनगर.** राज्य उत्पादन शुल्क विभाग उल्हासनगर यूनिट में स्थानीय शराब विक्रेताओं से संबंधित सबूतों के साथ की गई लिखित शिकायतों के बावजूद राज्य उत्पादन शुल्क विभाग उल्हासनगर इकाई के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कानून तोड़ने वालों पर कोई एक्शन न लिए जाने से नाराज राजनीतिक दल तथा विविध समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को ठाणे स्थित राज्य उत्पादन शुल्क अधीक्षक प्रवीण तांबे के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया व उसके बाद महकमे के अधिक्षक तांबे से भेंट की तथा उल्हासनगर यूनिट के अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की. जानकारी के मुताबिक छावा संघटना, राष्ट्र कल्याण पार्टी, प्रहार जनशक्ती पक्ष व अन्य एनजीओ के पदाधिकारियों का आरोप है कि विभाग की उल्हासनगर यूनिट से उनके महकमे से जुड़ी शिकायत करने के बाद महकमा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करता है.

# शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार

■ **45 ग्राम सोना बरामद**

■ **बदलापुर पुलिस ने लगाई हथकड़ी**

■ **शिक्षित युवक ने यूट्युब पर वीडियो देखा और बना चेन स्नैचर**



**बदलापुर.** बदलापुर में महिलाओं के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर भागने वाले शातिर चोर को बदलापुर पूर्व पुलिस ने पकड़ा है. 12वीं तक शिक्षण प्राप्त कर आटोमोबाइल का प्रशिक्षण लिए हुए कर्जत निवासी प्रभाकर प्रवीण पाटिल (39) ने यूट्यूब पर सोने की चेन चोरी करने के तरीके सीखकर उसने बदलापुर में गत 15 से 20 दिनों में महिलाओं के गले से 5 सोने की चेन झपट्टा मारकर चोरी की.

अक्सर ऐसा देखा गया है कि सोने की चेन चोरी करने वाले एक बाइक पर दो चोर होते हैं. एक बाइक चलाता है, तो दूसरा पीछे बैठा चोर महिला के गले से चेन चोरी करता है. लेकिन प्रवीण ने तो कमाल कर दिया. वह एक हाथ से बाइक चलाता और दूसरे हाथ से सोने की चेन उड़ाकर भाग जाता.

बदलापुर में ऐसी घटनाओं की वृद्धि होने से पुलिस के सामने चुनौती बढ़ गई थी. पुलिस नाकाबंदी के दौरान पुलिस को उस पर शक हुआ. पुलिस ने उसका पीछा करते हुए बदलापुर के गांधी चौक पर उसे धरदबोचा. उसने बदलापुर पश्चिम में 2 और पूर्व में 3 चेन स्नैचिंग के बारे में स्वीकार किया है. उसके पास से 2 लाख 27 हजार रुपयों के 45 ग्राम सोने के गहने पुलिस ने जब्त किया है. ऐसी जानकारी पुलिस उपायुक्त उल्हासनगर जोन-4 सचिन गोरे ने दी है. बदलापुर पूर्व के व.पु.नि. किरण बालवडकर मामले की जांच कर रहे हैं.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## पेपर लीक मामले पर रखना होगा ध्यान

राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) में सुधार की दिशा में सार्थक पहल हुई है। अपने गठन से लेकर अभी तक पर्चाफोड़ सहित कई विवादों में रही एनटीए अब केवल उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री की घोषणा के बाद उम्मीद बनी है कि इससे न केवल परीक्षार्थियों की शिकायतें कम होंगी, बल्कि अनावश्यक विवाद भी नहीं उठेंगे। पहले कई परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी खामियां सामने आई थीं।

### पिछले साल पेपर लीक की वजह से नीट परीक्षा हुई थी रद्द

वहीं मेडिकल में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक होने और दूसरी अनियमितताओं के कारण कई परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं। इस पर न केवल सवाल उठे, बल्कि लाखों परीक्षार्थियों का भरोसा भी टूटा था। एनटीए की साख भी धूमिल हुई थी। केंद्रीय प्रवेश परीक्षा शुरू करने में देरी पर समय की भरपाई के लिए कृपांक देने के मामले में भी भारी विवाद हुआ था। तब एजंसी को अपना विवादित फैसला वापस लेना पड़ा था। तमाम गड़बड़ियों की वजह से ही एजंसी के महानिदेशक को हटाना पड़ा था। इसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी के कामकाज में सुधार को लेकर कवायद शुरू हुई। यह अच्छी बात है कि अब एनटीए भर्ती परीक्षाएं आयोजित नहीं करेगी। अगले वर्ष से वह खुद को सिर्फ प्रवेश परीक्षाओं तक सीमित रखेगी। निश्चित रूप से यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है। दरअसल, राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी में सुधार के लिए जो उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी, उसने अपनी रपट सरकार को सौंप दी थी। इसके बाद ही सरकार ने बड़ा कदम उठाया। अब न केवल राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी के पुनर्गठन के रास्ते खुलेंगे, बल्कि इसकी कार्यशैली भी बदलेगी। इसका लाभ अंततः परीक्षार्थियों को ही मिलेगा। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

इसमें कोई दो राय नहीं कि नए कदम से एजंसी की परीक्षा व्यवस्था पुख्ता होगी, जिसे लेकर संसद से लेकर सड़क तक सवाल उठते रहे हैं। चूंकि बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है, तो संभव है कि तकनीकी आधारित परीक्षा आयोजित करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए जाएं। फिलहाल उम्मीद की जा सकती है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी अपने गठन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पारदर्शिता और शुचिता कायम करने के दिशा में कदम बढ़ाएगी।

# संविधान को बचाने का दिावा कर रही कांग्रेस

आजकल संविधान हर तरफ चर्चा में है, लेकिन यह पहली बार दिख रहा है कि संविधान के नए संरक्षक उसे बचाने के लिए सबसे अधिक उत्सुक दिख रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि आखिर वे किससे संविधान को बचा रहे हैं? अच्छी बात यह है कि इस सबके बीच देश संविधान पर घातक आघात किए जाने के उन दो वर्षों को पुनः याद कर रहा है, जो उसने 1975-77 के मध्य झेले थे।

स्वाभाविक है कि उन लोगों को भी याद किया जा रहा है, जिन्होंने संविधान को उस समय बचाया था। देश में जेपी जैसे स्वतंत्रता संग्राम के तपे हुए नेता मौजूद थे, जिनकी निःस्वार्थ अगुआई में जनता ने संविधान बचाया था। नीयत में खोट और अनुभवहीनता का जब सत्ता प्राप्ति के संदर्भ में समन्वय हो जाता है, तो हास्यास्पद स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। भारत की राजनीति में इस समय यही स्थिति बन गई है। संविधान की मूल भावना अपनी संपूर्णता के साथ उसके आमुख में निहित थी। वह अपने आप में एक संपूर्ण प्रतिज्ञा है, जिसे निभाने के लिए हर नागरिक को प्रतिबद्ध होना चाहिए।

वे लोग जो संवैधानिक पदों पर जनप्रतिनिधि बनकर पहुंचते हैं, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे उसके अनुपालन का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। संविधान हर भारतवासी को एक बेहतर जीवन देने के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता का वह दस्तावेज है, जो इंगित करता है कि व्यवस्था किस प्रकार आगे बढ़ेगी। यह सामान्य अपेक्षा है कि हर नागरिक अपना उत्तरदायित्व निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए अवश्य करे।




'लोक हिताय मम कर्तव्यम' संविधान में हर प्रकार से रचा बसा है। कौन उसे कितना आत्मसात कर पाता है, यह व्यक्ति की अपनी क्षमता पर ही नहीं, उसके जीवन मूल्यों पर भी निर्भर करता है। आप संविधान को जितनी बार पढ़ेंगे, आपकी समझ का दायरा उतना ही बढ़ता जाएगा। इसी के साथ संविधान निर्माताओं के प्रति सम्मान भी बढ़ता जाएगा।

मैं उन लोगों में हूं, जिन्हें संविधान का आमुख 1955 के आसपास स्कूल में ही कंठस्थ करा दिया गया था। आपातकाल में इसे परिवर्तित किया गया और इसमें सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द जोड़े गए। यह परिवर्तन दूरदर्शी संविधान निर्माताओं की समझ का अपमान था।

यह परिवर्तन उस संसद ने किया, जिसका सारा विपक्ष जेल में यातनाएं झेल रहा था। उसका कार्यकाल तक संविधान के प्रविधानों को रौंदकर पांच साल से बढ़ाकर सात साल कर दिया गया था। कैसी विडंबना है कि इस सबके लिए जिम्मेदार लोग आज संविधान के संरक्षक बनकर देश की जनता का समर्थन पाने की अभिलाषा कर रहे हैं।

भले ही सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के आमुख परिवर्तन को बदलने की आवश्यकता न मानी हो, लेकिन मेरा पूरा विश्वास है कि आमुख बदल जाएगा, ऐसी कल्पना तो शायद राजेंद्र प्रसाद या भीमराव आंबेडकर और संविधान सभा के अन्य सदस्यों ने भी कभी नहीं की होगी। सामान्य नागरिक के लिए यह समझ पाना कठिन है कि जो सर्वोच्च न्यायालय यह निर्णय देता है कि संसद भी संविधान के मूल आत्मा से छेड़छाड़ नहीं कर सकती, वह आमुख के मूल स्वरूप में हुई छेड़छाड़ को कैसे स्वीकार कर लेता है। आंबेडकर और गांधीजी ने पश्चिम में शिक्षा ग्रहण की थी, लेकिन वे भारतीयों की उस श्रेणी में नहीं थे, जिन्हें पश्चिम की पढ़ाई ने अपने देश और संस्कृति से अलग कर दिया हो, जैसा अधिकांश विलायत में पढ़े लोगों के साथ हुआ। भारत, उसकी सामाजिक व्यवस्था, संस्कृति, उसकी वैचारिक समृद्धता और मनुष्य मात्र की एकता में विश्वास की जितनी गहरी समझ इन मनीषियों ने गहन अध्ययन से प्राप्त की, वह अद्वितीय थी।

क्या उनके साथ-साथ राजेंद्र प्रसाद, मदन मोहन मालवीय आदि का आचरण और जीवन जीने की पद्धति यह स्पष्ट नहीं करती थी कि पंथनिरपेक्षता की निर्मल और व्यावहारिक समझ भारत में सदा उपस्थित थी? क्या यह भावना आमुख तथा संविधान के हर पृष्ठ पर स्पष्ट नहीं होती? संविधान सभा ने इन शब्दों के जोड़ने के संबंध में चर्चा भी की थी और अंततः उन्हें न जोड़ने का निर्णय लिया था। कहां वह संविधान सभा और कहां वह दबी-सहमी संसद।





जब हम सबसे प्रेम करने लगते हैं तो हमारे अंदर एक परिवर्तन आ जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को लेकर सरकार की मंशा

एक राष्ट्र एक चुनाव मौजूदा केंद्र सरकार का महत्त्वाकांक्षी विचार है। यह नारा उसने अपने पिछले कार्यकाल में ही दिया था। मगर इसे लेकर विरोध शुरू हो गया और विपक्षी दलों ने न केवल इसे अव्यावहारिक, बल्कि असंवैधानिक भी करा दिया था। सरकार ने इस पर विचार और सुझाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुआई में एक समिति गठित कर दी। उस समिति के गठन पर भी सवाल उठे कि उसके सदस्यों के पास अपेक्षित योग्यता नहीं है। मगर समिति ने विभिन्न दलों से बातचीत की, जिसमें से अनेक दलों ने इस विचार का विरोध किया था, फिर भी समिति ने सुझाव दिया कि देश में सभी चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए।

इसके पीछे बड़ा तर्क है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर कराए जाने से धन और समय की काफी बर्बादी होती है। इस तर्क को खारिज करने के लिए भी अनेक उदाहरण और तर्क पेश किए गए। मगर सरकार ने इससे संबंधित दो विधेयक संसद में पेश कर दिए। एक विधेयक एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर था और दूसरा केंद्र और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन से संबंधित था।

संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष को दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। वह नहीं मिल पाया और स्वाभाविक रूप से दोनों विधेयक पारित नहीं हो सके। अब सरकार ने इन विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति के पास समीक्षा के लिए भेजने का फैसला किया है। निस्संदेह यह संवैधानिक दृष्टि से संवेदनशील मुद्दा है



और इसे आनन-फानन पारित करा लेने से आने वाले वक्त में कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अलग-अलग चुनाव होने से न केवल खर्च कुछ अधिक होता है, बल्कि निर्वाचन आयोग और सरकार के कामकाज में भी बाधाएं आती हैं। मगर ऐसा करने के लिए जिन सरकारों का कार्यकाल बढ़ाना या घटाना पड़ेगा, उससे संवैधानिक मूल्यों को ठेस पहुंचने का खतरा रहेगा ही। फिर, यह भी कोई गारंटी नहीं कि कहीं मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आएगी।

उस स्थिति में कब तक सरकार का काम मुल्तवी रखा जाएगा। ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति शासन के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लंबे समय तक किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किए रखना अच्छी बात नहीं होती।

एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को सौंपने का फैसला उचित है। मगर इसके बावजूद यह अपेक्षा बनी रहेगी कि समिति के समक्ष निष्पक्ष तरीके से बहसें हों, तर्क और सुझाव रखे जाएं। सरकार उन सुझावों को उदारतापूर्वक स्वीकार करे। क्योंकि पिछले कुछ समय से संयुक्त संसदीय समिति के सामने रखे गए कुछ मामले विवादों में देखे गए हैं। उन पर हुई बहसें सवालों के घेरे में रही हैं, विपक्षी सदस्य उन पर सत्तापक्ष की मनमानियों के आरोप लगा कर खुद को अलग करते देखे गए हैं।

एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक को सरकार अगर हार-जीत का मसला न बनाए और अपना हठ छोड़ कर थोड़ा लचीला रुख अपनाएगी, तभी कोई सार्थक नतीजा निकलने की उम्मीद बन सकती है। वैसे ही चुनाव प्रक्रिया पिछले कुछ समय से सवालों के घेरे में है, सरकार को अगर सचमुच धन और समय की बर्बादी की चिंता है, तो उसके दूसरे भी व्यावहारिक उपाय जुटाए जा सकते हैं।

# 100 साल पुराने ट्रेन के डिब्बे को बना दिया होटल

जरा हट के

आजकल होटल बिजनेस काफी पॉपुलर हो रहा है. लोग अपने घरों में 1-1 कमरा होटल या लॉज में तब्दील कर देते हैं और उससे पैसे कमाते हैं. जो शहर टूरिस्ट स्पॉट होते हैं, वहां पर ये सेवाएं काफी लोकप्रिय होती हैं. अमेरिका के एक शख्स को भी ऐसा ही आइडिया आया. पर उसने अपने घर को नहीं, बल्कि एक ट्रेन के डिब्बे को होटल में तब्दील कर दिया. लड़के ने एक 100 साल पुराना ट्रेन का डिब्बा खरीद लिया और उसे होटल बना दिया. बस फिर क्या था, वहां रहने लोग आने लगे और अब 1 रात रुकने के लिए लोगों को जितना रुपये देना पड़ता है, वो कमाकर शख्स जल्द ही करोड़पति भी बन जाएगा!



द सन की रिपोर्ट के अनुसार इडाहो के रहने वाले 27 साल के आइज़ैक फ्रेंच के घर के पास एक किसान रहता था. उसके पास एक 100 साल पुराना ट्रेन का डिब्बा था. आइजैक ने इस ट्रेन के डिब्बे को 2.4 लाख रुपये में खरीदा था. वो डिब्बा कबाड़ की ही तरह किसान के पास पड़ा था, जो हर किसी के लिए बेमतलब ही था. उन्होंने सीएनबीसी से बात करते हुए बताया कि डिब्बा सड़ रहा था, उसकी लकड़ी खराब हो गई थी, काई लग चुकी थी और करीब 20 बिल्लियां डिब्बे में रहा करती थीं.

### होटल डिजाइन करने में लगे 6 महीने

आइजैक और उनके पिता को करीब 2 साल लगे किसी ऐसे व्यक्ति को खोजने में जो 61 फीट के डिब्बे को वहां से उठाने में मदद करे. जब उन्होंने डिब्बे को वहां से हटा लिया तो उन्हें करीब 6 महीने लगे उसे सुधारने में. उन्होंने डिब्बे को रेनोवेट करने में करीब 1.2 करोड़ रुपये खर्च कर दिए. इसमें डेक बनाना, फर्श को सुधारना, बिजली का काम और नए फर्निचर खरीदना, सब कुछ शामिल है. आइजैक के 7 भाई और 2 बहनें हैं. सभी के अंदर कंस्ट्रक्शन स्किल हैं. इस वजह से रेनोवेशन का अधिकतर काम परिवार ने खुद ही कर लिया.

# नया साल आते ही रसोई में जरूर कर लें ये बदलाव

**साल 2024 खत्म होने को है और इस साल लोगों ने हेल्थ को लेकर काफी जागरुकता दिखाई। अच्छे सेहत की शुरुआत हेल्दी किचन से होती है। इसलिए लोगों ने हेल्दी खानपान के साथ ही काफी सारे अनहेल्दी और हार्मफुल रसोई के सामानों को ना इस्तेमाल करने की सलाह दी। जनवरी शुरू होने के साथ ही आप भी अपने रसोई में इन बदलावों को जरूर कर लें। जिससे हेल्दी रहना आसान हो सके।**

### ■ सेहत रहेगी दुरुस्त

### ■ नॉनस्टिक बर्तनों को कहें बॉय

नये साल का रिजॉल्यूशन लेना चाहते हैं तो इस साल अपनी रसोई से सभी तरह के नॉनस्टिक पैन, तवा, कड़ाही जैसे बर्तनों को टाटा-बॉय बोल दें। इसके बाद आयरन के बने तवा और कड़ाही का इस्तेमाल करें।

### ■ लिक्विड डिशवॉशर को बोलें ना

काफी सारी रिसर्च में खुलासा हो चुका है कि लिक्विड डिशवॉशर सोप में कई तरह के हार्मफुल केमिकल होते हैं। ऐसे में लिक्विड डिशवॉश जेल को रसोई से बाहर कर दें।



### ■ एल्यूमिनियम फॉइल को कहें ना

एल्यूमिनियम फॉइल में रोटी या पराठा लपेटने की आदत को कहें ना। नये साल से हेल्दी हैबिट फॉलो करनी है तो अपनी रसोई से एल्यूमिनियम फॉइल को निकालकर किसी कपड़े या बटर पेपर में रोटी, पराठा लपेटने की आदत लगाएं।

### ■ किचन को करें डिक्लटर

किचन में मौजूद गैर जरूरी चीजें इस साल जरूर साफ कर लें। जिन चीजों का इस्तेमाल नहीं करते उन्हें फौरन रसोई से बाहर करें और रसोई को डिक्लटर करें।

### ■ किचन से करें अनहेल्दी फूड को बाहर

हेल्दी रहने की शुरुआत रसोई से ही होती है। अपनी रसोई से अनहेल्दी, जंकफूड और स्नैक्स को ना बोलें। साथ ही रिजॉल्यूश लें कि साल 2025 में हेल्दी फू* को ही बनाना और खाना है।

# टूटी फ्रूटी केक

खाना-खजाना

**क्रिसमस का जश दुनियाभर में मनाया जाता है। इस दिन चर्च को खूबसूरती से सजाया जाता है। इस दिन प्रेयर करने के अलावा लोग क्रिसमस पार्टी भी करते हैं। ज्यादातर लोग घर पर ही इस पार्टी का आयोजन करते हैं। अगर आप भी घर पर रहकर पार्टी कर रहे हैं तो सेलिब्रेशन में केक को शामिल करें। इसके लिए आप टूटी फ्रूटी केक बना सकते हैं। देखिए, इसे बनाने का तरीका–**

### सामग्री :

- एक कप दही
- डेढ़ कप चीनी
- आधा कप ग्राम तेल
- एक कप मैदा
- एक चम्मच वेनिला अर्क
- एक चुटकी बेकिंग सोडा
- एक चम्मच बेकिंग पाउडर
- आधा कप पानी
- आधा कप टूटी फ्रूटी

### कैसे बनाएं-

सबसे पहले एक बड़े बर्तन में दही, शक्कर, तेल और वेनिला अर्क लें। फिर व्हिस्क की मदद से इसे अच्छी तरह मिलाएं। फिर इसमें



मैदा, बेकिंग सोडा और बेकिंग पाउडर को छलनी से छान कर इसमें मिलाएं। अच्छे से मिक्स करें, कोशिश करें कि इसे एक ही तरफ से मिक्स करें। इस मिक्स को ज्यादा न मिलाएं क्योंकि बहुत ज्यादा मिक्सिंग से केक का टेक्सचर खराब हो सकता है। इसमें पानी डालें और अच्छी तरह से गाढ़ा बैटर तैयार करें। अब इसमें टूटी फ्रूटी मिक्स करें।

अब केक मोल्ड को तेल से चिकना करें और ट्रे के नीचे बटर पेपर डालें। फिर इसमें बैटर डालें और फिर दो बार ट्रे को थपथपाएं। अब केक ट्रे को प्रीहीटेड ओवन में रखें। इसे 180 डिग्री सेल्सियस पर 30-40 मिनट तक बेक करें। ओवन न हो तो कड़ाई का इस्तेमाल करके केक बनाएं। अब केक पक गया है या नहीं, इसे चेक करने के लिए टूथपिक का इस्तेमाल करें। अगर केक से टूथपिक साफ बाहर आए तो समझ लें कि ये पक गया है। फिर केक को पूरी तरह से ठंडा होने दें। फिर इसे प्लेट में सजाएं।

# दूध के साथ गुड़ का कॉम्बिनेशन

## खून से लेकर हड्डियों तक की 6 परेशानियां होंगी उड़न-छू

**सर्दी के इस मौसम में रात में भले ही डिनर में कुछ भी हो, लेकिन सोने से पहले अगर गर्म दूध का एक गिलास मिल जाए, तो क्या बात है. दूध पीने के शरीर में कई फायदे होते हैं. सदियों से इसे कैल्शियम का बेहतरीन सोर्स माना जाता है. सर्दी में दूध के साथ गुड़ खाने का भी चलन है. लेकिन क्या दूध के साथ गुड़ खाने से सेहत को कोई फायदा होता है? आमतौर पर दूध के साथ गुड़ को अच्छा विकल्प माना जाता है लेकिन लेकिन इसे कुछ सावधानियों के साथ खाना चाहिए. आइए आपको बताते हैं, सर्दी में इस फूड कॉम्बिनेशन को क्यों पसंद किया जाता है.**



ऐसा माना जाता है कि अगर दूध में मीठा न डाला जाए तो उस से कब्ज होने का खतरा बढ़ जाता है. ऐसे में चीनी के बजाए सर्दियों में आप दूध के साथ गुड़ ले सकते हैं. गर्म दूध और गुड़ का कॉम्बिनेशन शरीर को गर्मी और ऊर्जा देता है. यह सर्दी में विशेष रूप से फायदेमंद होता है.

### 1. इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है

गुड़ में कई प्रकार के विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं, जैसे आयरन, कैल्शियम, और जिंक, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं और सर्दी-जुकाम से बचाव करते हैं.

### 2. हड्डियों को मजबूत करता है

दूध में कैल्शियम और प्रोटीन होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है. गुड़ भी आयरन और कैल्शियम का अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य में मदद करता है.

### 3. ताजगी और ऊर्जा प्रदान करता है

गुड़ में प्राकृतिक शर्करा होती है, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा देती है. दूध में प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को ताजगी और शक्ति प्रदान करते हैं. गुड़ में मौजूद कार्बोहाइड्रेट्स थकान दूर करता है और दूध में मौजूद कैल्शियम जैसे पोषक तत्व शरीर की कमजोरी को दूर करने में मदद करते हैं.

### 4. डाइजेशन में करता है मदद

गुड़ पाचन को बेहतर बनाता है और पेट की सफाई में मदद करता है. दूध का सेवन पेट को ठंडक देता है, जो सर्दी में पाचन को संतुलित रखता है. कुछ लोगों को खट्टी डकार, सीने में जलन और कब्ज जैसी समस्याएं दूर करने के लिए गुड़ व दूध काफी फायदेमंद रहता है.

### 5. खांसी और जुकाम से राहत

गुड़ का सेवन सर्दी-जुकाम और खांसी के लिए भी लाभकारी होता है, क्योंकि यह शरीर में गर्मी पैदा करता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है. दूध के साथ इसे मिलाने से यह प्रभाव और बढ़ जाता है.

### 6. तनाव कम करने में मदद

गुड़ में मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो तनाव को कम करने में मदद करते हैं. दूध भी शरीर को शांत करता है और मानसिक तनाव को दूर करने में सहायक होता है.

# इलेक्ट्रिक केतली साफ करने का आसान तरीका

### ■ 3 तरीके से करें साफ

### ■ सिरके से करें साफ




सिरका एक नेचुरल डीस्कैलिंग एजेंट है, जो इलेक्ट्रिक केटली की अंदरूनी गंदगी और चूने की परत को आसानी से हटा सकता है. इसके लिए आप सबसे पहले केटली में आधा हिस्सा पानी और आधा हिस्सा सफेद सिरका डालें. अब केटली को ऑन करें. 2 मिनट तक पानी को उबालें और फिर बंद कर दें. इस मिश्रण को 15-20 मिनट तक रहने दें. फिर पानी को फेंक दें और अंदर किसी साफ टॉवल से वाइप कर दें. आपकी केटली नई जैसी चमक उठेगी.

### ■ नींबू और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल

नींबू और बेकिंग सोडा दोनों ही नेचुरल क्लीनर हैं और गंदगी को दूर करने में मदद करता है. सबसे पहले केटली में 2 कप पानी डालें और उसमें 1 नींबू का रस और 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं. इस मिश्रण को केतली में उबाल लें. उबालने के बाद 15 मिनट तक इसे ठंडा होने दें और फिर पानी फेंक दें. साफ पानी से केटली को अच्छी तरह से धो लें और पोछ लें. केतली की बदबू और गंदगी दोनों हट जाएगी.

### ■ बेकिंग सोडा और डिश सोप

बेकिंग सोडा और डिश सोप का कॉम्बिनेशन की मदद से आप इलेक्ट्रिक केतली की सफाई कर सकते हैं. सबसे पहले केटली में पानी भरें और उसमें 1 चम्मच बेकिंग सोडा और कुछ बूंदें डिश सोप की डालें. केटली को चालू करके पानी को उबाल लें और 15 मिनट तक इसे रहने दें. फिर पानी को फेंक दें और कपड़े से वाइप कर दें. गंदगी आसानी से हट जाएगी.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष** : विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन–पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

**वृषभ** : आज वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। तनाव रहेगा।

**मिथुन** : शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** : लेन–देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या** : आज कर्ज लेना पड़ सकता है। माता के स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर–बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा।

**तुला** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार–व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक** : नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

**धनु** : बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा–पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ** : कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : घर–परिवार में सुख–शांति रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। जल्दबाजी न करें। पिता का स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। भूमि, दुकान या फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### पुलिस और दबंगों से परेशान बुजुर्ग ने गांधी प्रतिमा के पास की आत्मदाह की कोशिश

**लखनऊ.** लखनऊ में हजरतगंज के गांधी प्रतिमा के पास एक 75 वर्षीय बुजुर्ग ने पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की है। पुलिस ने समय रहते बुजुर्ग को पकड़ लिया। बाराबंकी का रहने वाला बुजुर्ग अपनी जमीन को लेकर दबंगों से परेशान था। पुलिस वाले भी नहीं सुन रहे थे तो आत्मदाह के लिए लखनऊ आ गया था। पुलिस बुजुर्ग को लेकर सिविल अस्पताल पहुंची हैं। वहां उसका इलाज कराया जा रहा है। बाराबंकी निवासी रऊफ के जमीन का विवाद कोर्ट में चल रहा है। इसके बाद भी दबंग उसे जमीन को लेकर परेशान कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया कि जमीन का केस वापस लेने के लिए लगातार उस पर दबाव डाला जा रहा है।

### मैं भी 24 कैरेट का ब्राह्मण हूं... प्रभात पांडे के अंतिम संस्कार में बोले अजय राय

**लखनऊ.** लखनऊ में विरोध-प्रदर्शन के दौरान 28 साल के कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत के बाद उनके अंतिम संस्कार के दौरान जमकर हंगामा हुआ। प्रभात पांडेय की मौत से दुखी परिजनों और नाते-रिश्तेदारों को पता चला कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी अंतिम संस्कार वाली जगह पर पहुंच रहे हैं तो सबने विरोध शुरू कर दिया। अजय राय पर भीड़ ने जमकर नाराजगी जाहिर की। लोगों में गुस्सा देखकर अजय राय ने भी काफी सफाई दी, लेकिन गुस्साई भीड़ ने एक न सुनी। भीड़ को शांत करने के प्रयास में राय ने अपना जनेऊ दिखाया और कहा, मैं भी ब्राह्मण हूं, सच्चा 24 कैरेट का। अन्य कांग्रेस नेताओं की लगातार अपील के बाद उन्हें अनिच्छा से श्रद्धांजलि देने की अनुमति दी गई।

### मुस्लिम युवक ने दूल्हे के सामने पकड़ा दुल्हन का हाथ, शादी के रिसेप्शन में बवाल

**बरेली.** बरेली जिले से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां शादी के बाद लड़के वालों ने रिसेप्शन का कार्यक्रम रखा था। इस कार्यक्रम में दूल्हा-दुल्हन को नाते-रिश्तेदार आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में दूर-दराज के अलावा गांव के लोग भी शामिल हुए थे। इसी बीच गांव का एक युवक भी कार्यक्रम में पहुंच गया जो कि मुस्लिम था। वह दूल्हा-दुल्हन के पास स्टेज पर पहुंच गया। मुस्लिम युवक ने दूल्हे के सामने ही दुल्हन का हाथ पकड़ लिया। जबरन हाथ पकड़े जाने से दुल्हन नाराज हो गई। यह देखकर दुल्हन के भाई ने विरोध किया तो बवाल हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट-पथराव हुआ। दुल्हन के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी सलीम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### दाह संस्कार के दौरान भिड़े भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता, हंगामे के बीच हुआ अन्तिम संस्कार

**गोरखपुर.** गोरखपुर जिले के गीडा थाना क्षेत्र के देईपार निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता 29वर्षीय प्रभात पांडेय का लखनऊ में बुधवार को मौत हो गयी थी। पीएम के बाद शव गुरुवार भोर में गांव पहुचा। सियासत पूरी तरह से गरमा गई है। परिजन शव लेकर कालेसर मोक्ष धाम पर प्रभात पांडेय के दाह संस्कार के गये। घाट पर सियासत शुरू हो गई। दाह संस्कार के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाते हुए आपस में भिड़ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे।

# संसद परिसर में धक्का-मुक्की भाजपा सांसद सारंगी घायल

**आरोप- राहुल गांधी ने धक्का दिया; राहुल बोले- भाजपा सांसदों ने धमकाया, संसद जाने से रोका**



**राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, थाने पहुंची भाजपा**

**नई दिल्ली.** संसद परिसर में गुरुवार सुबह धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा।

सारंगी जब मीडिया के सामने आए, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। सारंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है। दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। राहुल से जब धक्का-मुक्की पर सवाल हुआ तो उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाया और धक्का-मुक्की की। संसद के मेन गेट मकर द्वार का घेराव करके उन्हें संसद में एंट्री करने से रोका गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कहा कि मेरे और प्रियंका के साथ धक्का-मुक्की की गई। खड़गे ने कहा- धक्का लगने से उनके घुटने में चोट आई है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी पीएम नरेंद्र मोदी को दी गई, जिसके बाद उन्होंने दोनों सांसदों से फोन पर बात की और उनका हाल-चाल जाना। अस्पताल के डॉक्टर ने कहा, ''उन दोनों (प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत) के सिर में चोट लगी थी। वे लगभग 11.30 बजे अस्पताल पहुंचे। प्रताप सारंगी के माथे पर चोट लगी थी। जब वे आए तो बहुत खून बह रहा था। हमें उन्हें टांके लगाने पड़े क्योंकि यह बहुत गहरा घाव था। उनका रक्तचाप भी बढ़ गया था इसलिए हम परीक्षण करवा रहे हैं और रक्तचाप को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। हम मस्तिष्क की सीटी स्कैन भी करवा रहे हैं।

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्हें पहलवानी दिखाने की क्या जरूरत है। उन्होंने कराटे क्या दूसरों को मारने के लिए सीखा है।

भाजपा सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से शिकायत की है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज राहुल के खिलाफ FIR करवाने संसद मार्ग थाने पहुंच गए हैं।

**महिला सांसद ने लगाए गंभीर आरोप**

# मेरे बहुत पास आ गए थे राहुल, बदतमीजी की



**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर एक लोकसभा की महिला सदस्य ने भी आरोप लगाए हैं। भारतीय जनता पार्टी सांसद फैनोल कोन्याक ने कहा है कि राहुल उनके काफी करीब आ गए थे कि उन्हें काफी असहज महसूस हुआ। साथ ही उन्होंने बदतमीजी किए जाने की भी बात कही है। खास बात है कि ये आरोप ऐसे समय पर आए हैं जब भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के चोटिल होने का मुद्दा तूल पकड़ रहा है। सारंगी ने कहा था कि राहुल के धक्के की वजह से वह गिरे थे।

नगालैंड से भाजपा सांसद कोन्याक राज्यसभा अध्यक्ष के पास शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पत्र में कहा, 'मैं मकर द्वार के पास हाथों में तख्ती लेकर सीढ़ियों के एकदम नीचे खड़ी थी। सुरक्षाकर्मियों ने अन्य दलों के माननीय सांसदों के जाने के लिए एक रास्ता तैयार किया था। अचानक नेता विपक्ष श्री राहुल गांधी अन्य पार्टी के सदस्यों के साथ रास्ता होने के बावजूद मेरे सामने खड़े हो गए।'

उन्होंने कहा, 'उन्होंने मेरे साथ तेज आवाज में बदतमीजी की और वह इतने करीब आ गए थे कि एक महिला सदस्य होने के नाते मुझे बहुत अहसज महसूस हुआ।' उन्होंने आगे लिखा, '...किसी भी सांसद को ऐसे बर्ताव नहीं करना चाहिए।' उन्होंने लिखा, 'मैं नगालैंड की एसटी समुदाय से आती हूं और मैं एक महिला सदस्य हूं। मेरे आत्मसम्मान को नेता विपक्ष राहुल गांधी जी ने काफी ठेस पहुंचाई है।'

# उज्जैन के महामंडलेश्वर को सिर तन से जुदा की धमकी

- **उर्दू में लिखा-तुम बार-बार नबी की तौहीन करते हो, जान से मार दूंगा**

**उज्जैन.** उज्जैन के मंगलनाथ रोड स्थित गंगाघाट श्री मौन तीर्थ पीठ के पीठाधीश्वर और निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी एक पत्र के जरिए मिली है। पत्र प्रयागराज से उर्दू में लिखकर भेजा गया है। महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि ने बताया कि, सगीर अहमद पिता रिजवान नाम के व्यक्ति ने नवाब नगर करेली प्रयागराज यूपी के पते से एक लिफाफे में बंद उर्दू से लिखा पत्र भेजा है। पत्र में जान से मारने की धमकी दी गई है। चिट्ठी पर लिखा है कि तुम बार-बार नबी की तौहीन करते हो। यह पहली बार नहीं है जब सुमनानंद गिरि को इस तरह का पत्र मिला है। इसके पहले भी साल 2023 में किसी अज्ञात व्यक्ति ने अखाड़ा परिषद की बैठक के दौरान उर्दू में पत्र भेजकर धमकी दी थी।

# अनशन कर रहे किसान नेता डल्लेवाल बेहोश

- **सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा- डल्लेवाल के टेस्ट-CT स्कैन आपकी जिम्मेदारी**



**नई दिल्ली.** किसानों को फसल पर MSP के गारंटी कानून के लिए 24 दिन से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत बिगड़ गई है। डल्लेवाल गुरुवार सुबह अचानक बेहोश होकर गिर गए। उन्हें उल्टियां भी हुईं। पुलिस के सीनियर अधिकारी खनौरी बॉर्डर पहुंच गए हैं। डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को किसान आंदोलन पर सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से सवाल किया कि 70 साल का आदमी 24 दिन से भूख हड़ताल पर है। कौन डॉक्टर है, जो बिना किसी टेस्ट के डल्लेवाल को सही बता रहा है?

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा- **आप कैसे कह सकते हैं डल्लेवाल ठीक हैं? जब उनकी कोई जांच नहीं हुई, ब्लड टेस्ट नहीं हुआ, ECG नहीं हुई, तो कैसे कह सकते हैं कि वह ठीक हैं?**

सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले 18 दिसंबर को भी इस मामले पर सुनवाई की थी। राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि डल्लेवाल पर ढिलाई न बरतें। वह जन नेता हैं। उनसे किसानों की भावनाएं जुड़ी हैं। उनकी सेहत का ध्यान रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

# अमित शाह वापस लें बयान, वरना कांग्रेस जैसा होगा भाजपा का हाल

- **अब मायावती ने संभाला मोर्चा**



**लखनऊ.** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर अमित शाह के भाषण के एक हिस्से पर मचे बवाल के बीच मायावती ने भी मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने होम मिनिस्टर अमित शाह को माफी मांगने और अपने शब्दों को वापस लेने की नसीहत दी है। मायावती ने गुरुवार को लखनऊ में कहा कि यदि अमित शाह ने माफी नहीं मांगी तो फिर दलित समाज भूल नहीं सकेगा। यही नहीं उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अमित शाह के बयान से पूरे देश के दलितों में गुस्सा है। वह उन्हें भगवान की मानते हैं। ऐसे में अमित शाह के बयान का बड़ा असर हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि माफी न मांगने पर भाजपा का हाल भी कांग्रेस जैसा हो सकता है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा, 'अमित शाह के बयान से बाबासाहेब आंबेडकर के अनुयायियों में जबरदस्त गुस्सा व्याप्त है। अमित शाह को अपने कहे शब्दों को वापस ले लेना चाहिए और पश्चाताप भी करना चाहिए। ऐसा नहीं किया तो फिर आंबेडकर के अनुयायी कभी इसे भूला नहीं पाएंगे और माफ नहीं कर सकेंगे। यह ऐसा ही होगा, जैसे कांग्रेस के तमाम पापों को आज भी बाबासाहेब आंबेडकर के अनुयायी भुला नहीं सकेंगे। कांग्रेस कितने ही रंग और ढंग बदल ले, लेकिन लोग उस पर भरोसा नहीं कर सके हैं।'

मायावती ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने बाबासाहेब के देहांत के बाद उनके नाम को और संविधान निर्माण में रहे उनके योगदान को मिटाने की भी पूरी-पूरी कोशिश की है। यह पार्टी अपने मकसद में कामयाब हो जाती, लेकिन मान्यवर कांशीराम के आगे आने से ऐसा नहीं हो सका। यही नहीं इस मिशन को मंजिल तक पहुंचाने के लिए मुझे भी अपनी जिंदगी समर्पित करनी पड़ी। लेकिन आज अलग-अलग पार्टियां तमाम हथकंडे अपनाकर उनकी विरासत को खत्म करना चाहती हैं।'

# उप-राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

- **राज्यसभा के उप-सभापति बोले- यह धनखड़ की छवि खराब करने की कोशिश**



**नई दिल्ली.** राज्यसभा के सभापति और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को उप-सभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, उप-सभापति ने कहा कि यह नोटिस विपक्ष का गलत कदम है, जिसमें बहुत खामियां हैं और जो सिर्फ सभापति की छवि खराब करने के मकसद से लाया गया है।

उन्होंने अपने जवाब में कहा कि महाभियोग का नोटिस देश के संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करने और वर्तमान उपराष्ट्रपति की छवि धूमिल करने की साजिश का हिस्सा है।

संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन (10 दिसंबर) विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। पीसी मोदी ने ही आज उप-सभापति का जवाब सदन में रखा।

## दिल्ली में महिलाओं को AAP से भी ज्यादा पैसा देने का वादा कर सकती है BJP!

**नई दिल्ली.** दिल्ली में सभी पार्टियां आधी आबादी यानी महिलाओं को साधने की जद्दोजहद कर रहे हैं। सत्तासीन आम आदमी पार्टी (आप) ने जहां ऐलान किया है कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की पहली किस्त (1000 रुपए) महिलाओं के खाते में भेजेगी। वहीं भाजपा आप से बड़ी योजना के ऐलान को लेकर तैयारी कर रही है। ऐसी अटकले हैं कि भाजपा अपने घोषणापत्र में महिलाओं के लिए एक योजना का ऐलान कर सकती है, जिसके तहत उन्हें प्रतिमाह 2,500 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा पार्टी छठ पूजा या करवा चौथ जैसे त्यौहारों के दौरान साल में एक बार लगभग 1,000 रुपये देगी।

# अंबेडकर विवाद- देशभर में विपक्ष का विरोध प्रदर्शन

- **कर्नाटक विधानसभा में हर सीट पर बाबा साहब की तस्वीर लगाई**
- **बिहार-राजस्थान में गृहमंत्री के पुतले जलाए**



**नई दिल्ली.** देशभर में अमित शाह के अंबेडकर पर दिए बयान को लेकर प्रदर्शन चल रहा है। कांग्रेसी कार्यकर्ता अंबेडकर की तस्वीर और जय भीम के नारे लगा रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा में विरोध के तौर पर अंबेडकर की तस्वीर हर सीट पर रखी गई। बिहार-राजस्थान में गृहमंत्री के पुतले जलाए गए।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 17 दिसंबर को राज्य सभा में संविधान पर चर्चा के दौरान अंबेडकर पर दिए बयान से विवाद शुरू हुआ। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था- अंबेडकर जितना नाम अगर भगवान का लिया होता तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। बुधवार को विपक्षी सांसद संसद में अंबेडकर की तस्वीर लेकर पहुंचे थे। कांग्रेस ने मांग की थी कि गृहमंत्री अमित शाह अपने बयान पर माफी मांगें।

गुरुवार को विपक्ष ने संसद के बाहर भी प्रदर्शन किया। इस दौरान इंडिया और NDA सांसदों के बीच धक्का-मुक्की हुई जिसमें दो सांसद भी घायल हो गए। इस बयान के बाद विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से शाह को बरखास्त करने की मांग की। हालांकि अमित शाह ने अपने बयान को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें उन्होंने कहा कि विपक्ष मेरी बात को तोड़ मरोड़कर पेश कर रही है। वहीं देश के अलग अलग हिस्सों में भी विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी है।

# पाकिस्तानी टीम भी भारत में टूर्नामेंट नहीं खेलेगी




- **ICC मीटिंग में लिया गया फैसला**
- **चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेलेगा। यानी टीम के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। ICC की मीटिंग में हुए एग्रीमेंट के हिसाब से 2024 से 2027 तक भारत में होने वाले सभी टूर्नामेंट में पाकिस्तानी टीम भी अपने मैच न्यूट्रल जगह पर खेलेगा।

इस समझौते से भारत में होने वाले 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम अपने सभी मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी।

इससे पहले जब ICC ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को हाइब्रिड मॉडल में कराने की बात पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को बताई थी। तब PCB ने ICC के सामने कुछ शर्तें रखी थीं। जिसमें पाकिस्तान ने कहा था कि उनके भारत में होने वाले सभी टूर्नामेंट मैच वह भारत की जगह किसी अन्य स्थान पर खेलना पसंद करेगा। जिसे अब ICC ने मान लिया है।

### सभी 15 मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए माने

ICC के नए चेयरमैन जय शाह की मौजूदगी में 5 दिसंबर को सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग हुई थी। शाह इसी महीने दुबई स्थित हेडक्वार्टर भी पहुंचे थे। मीटिंग में सभी 15 बोर्ड मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए मान गए। पाकिस्तान ने भी मीटिंग में फैसले का विरोध नहीं किया।

# 60 साल से ऊपर बुजुर्गों का मुफ्त इलाज

- **चुनाव से पहले केजरीवाल की तीसरी बड़ी घोषणा**
- **महिलाओं-ऑटोवालों के लिए ऐलान कर चुके**



**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना का ऐलान किया। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल ने घोषणा की कि 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज होगा।

केजरीवाल ने साफ किया कि ये इलाज सभी बुजुर्गों के लिए मुफ्त होगा, चाहे वो किसी भी कैटेगरी में आते हों। इससे पहले केजरीवाल बुजुर्गों के लिए 2500 रुपए पेंशन, ऑटोवालों के लिए 5 लाख तक का बीमा और महिलाओं के लिए 1000 रुपए महीने की घोषणा कर चुके हैं।

दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। अगले दो महीने में चुनाव हो सकते हैं। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं।

### 12 दिसंबरः महिलाओं के लिए 1000 रुपए प्रति माह

केजरीवाल ने 12 दिसंबर को महिलाओं को हर महीने ₹1000 रुपए देने का ऐलान किया। इसे महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव बाद महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम को बढ़ाकर ₹2100 कर दिया जाएगा।

# भारत में महिलाएं अभी भी असुरक्षित : आशा देवी

**नई दिल्ली.** 16 दिसंबर 2012 की रात दिल्ली में निर्भया कांड हुआ था। आज इस कांड को 12 साल पूरे हो रहे हैं। निर्भया कांड की पीड़ित की मां आशा देवी ने कहा, 'देश में बेटियां अभी भी सुरक्षित नहीं हैं।' वे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की रोकथाम पर पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुई थीं। उन्होंने भावुक होकर कहा- मैं बहुत दुख के साथ कहना चाहती हूं कि 12 साल बाद भी परिस्थितियां नहीं बदली हैं। देश की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। जब मैं अपनी बेटी के लिए न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रही थी, तो मुझे पता था कि वो अब नहीं रही और कभी वापस नहीं आएगी, लेकिन मुझे उसकी बातें याद हैं कि अपराधियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि ऐसी घटना दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों की रक्षा से जुड़े कई कार्यक्रमों में मैंने भाग लिया, लेकिन सब कुछ बेकार हो गया।

# महिलाएं बढ़ीं तो पुरुषों को 2 पत्नियां रखनी पड़ेंगी

- **गडकरी बोले- लिव इन रिलेशनशिप गलत, समलैंगिक विवाह भी सामाजिक ढांचे को ध्वस्त कर देगा**



**नई दिल्ली.** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक यूट्यूब पॉडकास्ट में कहा कि समाज में लिंगानुपात (सेक्स रेश्यो) का संतुलन जरूरी है। अगर प्रति 1000 पुरुषों पर 1500 महिलाएं होंगी तो पुरुषों को 2 पत्नियां रखने की इजाजत देनी पड़ सकती है।

बुधवार को टेलीकास्ट इस शो में गडकरी ने कहा- लिव इन रिलेशनशिप का कॉन्सेप्ट गलत है और यह समाज के नियमों के खिलाफ है। समलैंगिक विवाह भी सामाजिक ढांचे को ध्वस्त कर देगा।

गडकरी ने कहा कि बच्चे पैदा करना और उनका सही तरीके से पालन-पोषण करना माता-पिता का कर्तव्य है। अगर आप कहते हैं कि आपने मजे के लिए बच्चे पैदा किए हैं और जिम्मेदारी नहीं उठाना चाहते तो यह सही नहीं है।

### गडकरी बोले- यूरोपीय देशों में लोग शादी में रुचि नहीं रखते

गडकरी ने कहा- एक बार मैंने लंदन में ब्रिटिश संसद का दौरा किया था। इस दौरान मैंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से उनके देश के सामने खड़े सबसे बड़े मुद्दों के बारे में पूछा था। तब मुझे पता चला कि यूरोपीय देशों में सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुरुष-महिलाएं शादी में रुचि नहीं रखते और लिव इन रिलेशनशिप को प्राथमिकता देते हैं।

### भारत में सेक्स रेश्यो के आंकड़े क्या कहते हैं

2011 की जनगणना के मुताबिक, भारत में प्रति 1000 पुरुषों पर 943 महिलाएं हैं। 2021 में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में प्रति 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाएं हैं।

# अंतरिक्ष में 'फंसीं' सुनीता को झटका, फिर टल गई वापसी



**वाशिंगटन.** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स जून के पहले हफ्ते से ही अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं। वह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में कमांडर की भी भूमिका निभा रही हैं। पहले उन्हें हफ्तेभर के अंदर ही वापस धरती पर आना था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कत आने की वजह से फरवरी, 2025 में उनकी वापसी तय हो सकी। अब एक बार फिर से सुनीता विलियम्स को झटका लगा है। दरअसल, उनकी वापसी एक बार फिर से टल गई है। अब सुनीता और उनके अंतरिक्ष में साथी विल्मोर बुच मार्च के अंत या फिर अप्रैल 2025 से पहले वापस धरती पर नहीं आ सकेंगे। सुनीता विलियम्स को फरवरी, 2025 में स्पेसएक्स के जरिए धरती पर वापस आना था, लेकिन अब इसे मार्च या फिर अप्रैल 2025 तक के लिए रि-शेड्यूल कर दिया गया। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के मैनेजर स्टीव स्टिच ने बताया कि देरी की वजह नए ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में जरूरी काम किया जाना है।

## संक्षेप...

### 'माझी वसुंधरा' अभियान में ठाणे मनपा को तीसरा स्थान

**ठाणे.** राज्य सरकार के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के माध्यम से हर साल 'माझी वसुंधरा' अभियान चलाया जाता है.

सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, ठाणे मनपा ने 1 अप्रैल 2023 से 31 मई 2024 की अवधि के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम कियान्वित किया है. सरकार के पर्यावरण एवं पर्यावरण विभाग ने हाल ही में घोषणा की है कि इस अभियान के तहत ठाणे मनपा को 10 लाख से अधिक आबादी वाले ग्रुप में तीसरे स्थान के साथ 6 करोड़ का पुरस्कार मिला है.मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि यह पुरस्कार मिलने पर सरकार ने ठाणे मनपा प्रशासन की सराहना की है.

# चश्मदीद बोले- लाइफ जैकेट नहीं थी

- मुंबई नाव हादसा-
- टक्कर से पहले नेवी की बोट स्टंट कर रही थी
- नेवी बोट ड्राइवर के खिलाफ केस

**मुंबई.** मुंबई में बुधवार को गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नाव के डूबने से 13 लोगों की मौत हुई। रेस्क्यू टीम ने 90 से ज्यादा लोगों को बचाया। 2 लोग अब भी लापता हैं। गुरुवार को भी इनकी तलाश जारी है। 80 लोगों की क्षमता वाली इस नाव में करीब 110 लोग सवार थे।

नाव में सवार एक चश्मदीद ने कहा- हममें से किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। अचानक नेवी की स्पीडबोट हमारी बोट से आकर टकराई, जिसके बाद हमारी बोट डूबने लगी। करीब 25 मिनट बाद नेवी ने हमें रेस्क्यू किया।

एक अन्य चश्मदीद ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। उसने कहा- टक्कर से पहले नेवी की स्पीडबोट स्टंट कर रही थी। इसलिए मैंने रिकॉर्डिंग की। मुंबई पुलिस ने बताया कि हादसे में नेवी के 4 कर्मियों और बोट पर सवार 9 सिविलियंस की मौत हुई।80 लोगों की क्षमता वाली नीलकमल बोट में 20 बच्चों समेत करीब 110 यात्री सवार थे। टक्कर मारने वाली नेवी बोट के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज हो गया है। घटना का एक और वीडियो गुरुवार को सामने आया। इसमें नेवी समुद्र में डूब रहे लोगों को रेस्क्यू करते दिख रही है। डूब रहे लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। वीडियो में उन्हें चीखते और चिल्लाते हुए सुना जा सकता है।



### रेस्क्यू में जुटे लोग बोले- पहले महिलाओं-बच्चों को बचाया, वहां लोग रो रहे थे

टूरिस्ट बोट के ड्राइवर ने बताया कि हम घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे। पलटी हुई नाव पर सवार लोग मदद के लिए हाथ हिला रहे थे। हमने 16 लोगों को बचाया और उन्हें गेटवे ऑफ इंडिया तक सुरक्षित पहुंचाया। मैंने जीवन में कभी ऐसी घटना नहीं देखी।

रेस्क्यू में जुटे मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के आरिफ बामने ने कहा- जब हम रेस्क्यू के लिए पहुंचे तो देखा कि लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। कुछ लोग रो रहे थे। हमने पहले महिलाओं और बच्चों को बचाया। मदद के लिए चिल्लाने वालों में तीन से चार विदेशी भी थे। हमने लगभग 20-25 लोगों को बचाया। एक छोटी बच्ची बेहोश थी। उसके फेफड़ों में पानी घुस चुका था। हमने उसके चेस्ट पर प्रेशर डाला, जिसके बाद उसने फिर से सांस लेना शुरू किया।

### कैप्टन स्पीडबोट पर नियंत्रण खो बैठा

नौसेना ने X पर पोस्ट करके बताया कि नेवी की स्पीडबोट इंजन ट्रायल पर थी। कैप्टन बोट पर से नियंत्रण खो बैठा और यह नीलकमल नौका से टकरा गई। नेवी और सिविल जहाजों ने लोगों का रेस्क्यू करके अस्पतालों में पहुंचाया।

### नौसेना ने 4 हेलिकॉप्टर, 11 बोट से रेस्क्यू किया

जानकारी के मुताबिक, नौसेना, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (JNPT), तटरक्षक बल, यलोगेट पुलिस स्टेशन 3 और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से राहत और बचाव कार्य को अंजाम दिया गया।

रेस्क्यू ऑपरेशन में नौसेना की 11 बोट, मरीन पुलिस की 3 बोट और कोस्ट गार्ड की 1 बोट लगी। 4 हेलिकॉप्टर भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे। यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया वापस लाया गया। जहां से उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### मृतकों के परिवार को PM 2 लाख और CM 5 लाख देंगे

PM मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। वहीं, महाराष्ट्र के CM देवेंद्र फडणवीस ने आश्वासन दिया कि सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता देगी। उन्होंने ने भी घोषणा की कि जान गंवाने वालों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।

## पुलिस के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

**कल्याण.** परभणी में विश्वरत्न डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक पर अज्ञात सामाजिक उपद्रवियों द्वारा संविधान की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया. इस घटना से भीम के अनुयायी नाराज हो गये और विरोध प्रदर्शन किया पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अनुयायियों पर हस्तक्षेप किया और आंदोलनकर्ता सोमनाथ सूर्यवंशी और अन्य को हिरासत में ले लिया, पुलिस की पिटाई से हिरासत में सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत की घटना सामने आई है. इस मामले में आरपीआई कल्याण के वरिष्ठ नेता अन्नासाहेब रोकड़े ने पुलिस के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है. इस मामले में नेता अण्णासाहेब रोकड़े ने कार्यकर्ताओं के साथ कल्याण के तहसीलदार सचिन शेजवल को एक ज्ञापन दिया. पूरे महाराष्ट्र में भीम अनुयायियों ने पुलिस और समाज की तानाशाही भूमिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है.

## जिला परिषद की ओर से किसानों का हुआ सम्मान



**ठाणे.** जिला परिषद के कृषी विभाग की ओर कृषी दिवस व किसानों को सम्मानित करने के लिए आयोजन किया गया।यह आयोजन कोर्ट नाका के पास स्थित बी.जे. हायस्कूल में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि को विकसित करने की दिशा में मार्गदर्शन करते हुए कहा कि ठाणे जिले में चावल की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है और किसानों को अन्य फसलों की खेती करनी चाहिए।आज फूल, फल के फसलों की बाजार में मांग है, उनके लिए विशेष प्रयास किये जायें।मुख्य कार्यकारी अधिकारी घुगे ने आश्वासन दिया कि जिला परिषद इसके लिए आवश्यक योजनाएं क्रियान्वित करने का प्रयास करेगी।इस अवसर पर जिला अधीक्षक कृषी रामेश्वर पाचे, अध्यक्ष ज़िनिक्स इंटरनेशनल खलील शेख, कृषि विशेषज्ञ उत्तम सहन, कृषि विशेषज्ञ डॉ. नामदेव म्हस्कर, जिला कृषि अधिकारी सयाली अडसुल सहित कृषि विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।कृषि विशेषज्ञ डॉ.नामदेव म्हस्कर ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती और कृषि विशेषज्ञ उत्तम सहाने ने रबी मौसम की सब्जियों की खेती और मधुमक्खी पालन पर मार्गदर्शन दिया।इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. तारुलता धानके ने किया।

यूपीएससी मुख्य परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों के लिए

## सी.डी. देशमुख प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्था में मॉक इंटरव्यू

**ठाणे.** मनपा की ओर से संचालित चिंतामणराव देशमुख प्रशासनिक संस्था ने केंद्रीय लोकसेवा आयोग साल 2024 की मुख्य परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों के लिए जनवरी 2025 में दो दिवसीय मॉक आयोजन किया गया है।

केंद्रीय लोक सेवा आयोग के माध्यम से यूपीएससी प्री परीक्षा-2024 का आयोजन 16 जून 2024 को किया गया था।यूपीएससी मुख्य परीक्षा 20 से 29 सितंबर 2024 तक आयोजित की गई थी।मुख्य परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशन में चिंतामनराव देशमुख प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान की ओर से दो दिवसीय 'मॉक-इंटरव्यू' सत्र का आयोजन किया गया है। मॉक इंटरव्यू में भाग लेने वाले छात्रों को अपना डीएएफ़-2 आवेदन संस्था के ईमेल cdinstitute@thanecity. gov.in पर जमा करना होगा। विद्यार्थियों के डीएएफ-2 आवेदन का संस्था के विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारा विश्लेषण किया जाएगा।छात्र इस मॉक इंटरव्यू अभ्यास का उपयोग यूपीएससी साक्षात्कार के लिए एक गाइड के रूप में करेंगे।इच्छुक छात्रों को गुरुवार 26 दिसंबर तक संस्था के कार्यालय में पंजीकरण कराना होगा।

संस्था के निदेशक महादेव जगताप ने अधिक जानकारी के लिए संस्था के फोन नंबर 25881421 पर संपर्क करने के लिए आवाहन किया है।इस 'मॉक-इंटरव्यू' सत्र के साक्षात्कार पैनल में के.पी.बख्शी सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य सचिव,महाराष्ट्र सरकार, सौरभ राव मनपा आयुक्त, डॉ. रवींद्र शिस्वे पुलिस आयुक्त-रेलवे मुंबई, श्रद्धा पांडे कमांडेंट 38 बटालियन अलीगढ़, मोक्षदा पाटिल आईपीएस अधिकारी, राजलक्ष्मी कदम, अतिरिक्त निदेशक, डीआरआई मुंबई, अक्षय पाटिल उपायुक्त सीमा शुल्क, नेहा निकम सीआईयू न्हावा शेवा, मुंबई विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. डॉ. मृदुल नाइल, प्रतियोगी परीक्षा गाइड भूषण देशमुख आदि उपस्थित रहेगें। एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

## संपत्ति कर जमा करने के लिए छुट्टी के दिन भी खुला रहेगा बिल केंद्र

**ठाणे.** साल 2024-25 के संपत्ति कर वसूली का अंतिम चरण चल रहा है।मनपा क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी संपत्ति करदाता का बकाया राशि भरा नही है उनके सुविधा के लिए छुट्टी के दिन भी बिल केंद्र चालू रहेगा। बकाया करदाताओं से बकाया राशि भुगतान करने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने आवाहन किया है।मनपा के वार्ड और उप-वार्ड स्तर पर सभी कर बिल केंद्र और वार्ड स्तर पर कर केंद्र कार्यालय के साथ ही मनपा मुख्यालय में बिल केंद्र में 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक सुबह साढ़े दस बजे से शाम साढ़े चार बजे तक यह सुविधा उपलब्ध है।संपत्ति कर के ऑनलाइन भुगतान की सुविधा मनपा की वेबसाइट www.thanecity.gov.in से पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।साथ ही करदाता गूगल पे, फोन पे, पेटीएम, भीम ऐप के जरिए भी आसानी से संपत्ति कर जमा कर सकते हैं।

## रईस हाईस्कूल के खेलकूद स्पर्धा का रंगारंग आगाज



**भिवंडी.** विद्यार्थियों ने खेल कूद का बहुत शानदार प्रदर्शन किया है.छात्रों के सराहनीय प्रदर्शन से मैं बहुत प्रभावित हुआ हूँ.मुझे मेरा बचपन याद आ गया.छात्रों के प्रदर्शन की जितनी सराहना करें कम है.उक्त उदगार रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कालेज वार्षिक खेल कूद स्पर्धा के रंगारंग उद्घाटन के मुख्य अतिथि पूर्व डायरेक्टर, अकाउंट एन्ड ट्रेजरी महाराष्ट्र शासन सादिक कादरी ने अपने भाषण के दोरान व्यक्त किया.ग्रीन,यलो,ब्लू और रेड हॉउस के दरम्यान होने वाले मुकाबलों में विशेष अतिथि के रूप में इंजीनियर मोहसिन अब्दुल अजीज जाटू सहित के.एम.ई .सोसायटी के अध्यक्ष अलमाज फकीह, उपाध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे,रईस हाई स्कूल के चेयरमैन यासर तातली,स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन दानिश मदू,इंजीनियर दुर्राज कामनकर सहित सोसायटी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य तथा शहर के खेल प्रेमी,अभिभावक, प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं भारी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थीं.रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कालेज के प्रधानाचार्य जियाउर्रहमान अंसारी ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया तथा पुष्पगुच्छ से अतिथियों का स्वागत किया.अतिथियों के हाथों विद्यालय का ध्वजारोहण, कबूतर परवाज,आसमान में गुब्बारे छोड़ने के बाद मशाल प्रज्वलित की गयी जिसे लेकर छात्रों ने मैदान का चक्कर लगाकर खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ किया. छात्रों ने पंगारकर सर के मार्गदर्शन में मार्चपास्ट के जरिये मेहमानों को सलामी पेश की.इकरा शेख और अख्तर मोमिन के मार्गदर्शन में जूनियर कालेज की छात्राओ ने सेल्फ डिफेंस और जिमनास्टिक का सराहनीय प्रदर्शन तथा मुसैयब सर के निर्देशन में टैबलो(हम हैं चैम्पियन)प्रस्तुत किया. तदोपरांत छात्रों ने पी.टी,हरडिल रेस, पिरामिड और मार्शल आर्ट,रस्साकशी, आदि प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों का मन मोह लिया.उपस्थित लोगों ने तालियाँ बजा कर छात्रों का मनोबल बढाया.छठी कक्षा के छात्र शेख मोहम्मद सादिक ने छात्रों को इमानदाराना तरीके से खेल की परम्परा को कायम रखने की शपथ दिलाई.प्रधानाचार्य ज़ियाउर्रहमान अंसारी सहित सभी मेहमानों ने अपने संबोधन में छात्रों के प्रदर्शन को सराहा तथा छात्रों एवं उनका मार्गदर्शन करने वाले अध्यापकों को बधाई दी. समारोह का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सहायक मुख्यध्यापक मुखलिस मदू ने किया.कार्यक्रम को सफल बनाने में जाकिरअंसारी, अब्दुल लतीफ़ पंगारकर, एजाज़ हाश्मी मुसैयब मोमिन, शाकिरशेख, शाह आयशा एवं सम्पूर्ण स्टाफ का सहयोग शामिल रहा.

## 19 से 24 दिसंबर तक मनपा का सुशासन सप्ताह का आयोजन

**ठाणे.** आम नागरिकों के शिकायत के तत्काल निवारण के लिए केंद्र सरकार ने गुड गवर्नेंस वीक 2024 का मनपा स्तर पर लागू करने के लिए निर्देश जारी किया है।जिसके तहत मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 19 से 24 दिसंबर तक यह अभियान चलाया जाएगा यह जानकारी मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिया।

इस विषय को लेकर मनपा आयुक्त के कार्यालय में एक बैठक लिया गया।इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी. गोदेपुरे, उमेश बिरारी, अनघा कदम, दिनेश तायडे, मधुकर बोडके, सचिन सांगले, डॉ. पद्मश्री बैनाडे,स्वास्थ्य अधिकारी चेतना नितील, उपनगर अभियंता विकास ढोले, शुभांगी केसवाणी उपनगरअभियंता पानी पुरवठा विनोद पवार, कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनिषा प्रधान आदि उपस्थित रही।केंद्र सरकार ने 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान को लागू करने का निर्णय लिया है और इस अभियान को स्थानीय स्व-सरकारी निकायों के माध्यम से प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।




मनपा ने आवाहन किया है नागरिक सार्वजनिक समस्याओं का शिकायत मनपा में दर्ज कराए।इस सप्ताह के दौरान 19 दिसंबर को सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल,राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज कलवा, जन्म व मृत्यु विभाग, फाइलेरिया विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लाइसेंस विभाग, संपत्ति कर आदि की शिकायतों का समाधान किया जाएगा।20 दिसंबर को नगर विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल आपूर्ति विभाग, सीवरेज विभाग, अग्निशमन विभाग, वृक्ष प्राधिकरण व पार्क विभाग, पर्यावरण विभाग, सूचना व प्राद्योगिकी विभाग की शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

21 दिसंबर को सामाजिक विकास विभाग, निःशक्तजन कल्याण योजना, महिला एवं बाल विकास कल्याण योजना आदि विभागों की शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। 22 दिसम्बर को सरकारी सेवा में कार्यरत व सेवा से सेवानिवृत्त विशेषज्ञ अधिकारियों व मनपा के अधिकारियों व कर्मचारियों के विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा। आयुक्त सौरभ राव ने कहा कि सभी शिविर 19 से 24 दिसंबर तक सुबह 11 से 1 बजे तक स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में आयोजित किया जाएगा।

मुंबई विश्वविद्यालय के 'आविष्कार रिसर्च कन्वेंशन' के अंतिम चरण में

## SST महाविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन



**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष कंप्यूटर साइंस (S.Y.CS) कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी दक्षता और नवोन्मेषी प्रोजेक्ट के बल पर मुंबई युनिव्हर्सिटी द्वारा आयोजित 19वें 'आविष्कार प्रतियोगिता' के अंतिम चरण में स्थान प्राप्त किया है। यह चयन विज्ञान श्रेणी में हुआ है, जिसमें विद्यार्थियों ने 'IoT-आधारित हाइड्रेशन सिस्टम' नामक अभिनव प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया है।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कुल 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें विभिन्न नवोन्मेषी विषयों पर 50 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इस कठिन प्रतिस्पर्धा में एसएसटी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने फाइनल राउंड में प्रवेश कर अपने ज्ञान और रचनात्मकता की उत्कृष्टता साबित की है।

महाविद्यालय के इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने समस्त शिक्षक वर्ग और महाविद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण बना दिया है। प्रोजेक्ट की इस सफल प्रस्तुति के लिए संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई दी जा रही है।

महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले इन विद्यार्थियों को भविष्य की यात्रा के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी गई हैं।

## बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भिवंडी.** कामतघर निवासी जमीन मालिक ने बिल्डर द्वारा बिल्डिंग निर्माण हेतु दिए भूखंड पर करारनामे का उल्लंघन कर बिल्डिंग बनाकर बिक्री किए जाने का सनसनीखेज प्रकरण प्रकाश में आया है. बिल्डर ने जमीन मालिक के हिस्से में आए फ्लैट को भी बेचकर पैसा हड़प लिया है.जमीन मालिक की शिकायत पर शहर पुलिस ने डेवलपर के खिलाफ धोखाधड़ी का आपराधिक मामला दाखिल कर जांच शुरू की है.

पुलिस में दाखिल शिकायत के अनुसार,कामतघर निवासी जमीन मालिक श्याम रामू चौधरी ने 2008 में मेसर्स श्री हरि रियल्टी संस्थापक गोकुल जयराम पटेल और भागीदार निमेश शशिंकात ठक्कर को अपनी मालिकाना जमीन सर्वे नंबर 107 में 2,500 वर्ग मीटर भूखंड बिल्डिंग निर्माण हेतु शर्तों के आधार पर दिया था.श्याम रामू चौधरी ने अपनी मालिकाना जमीन सर्वे संख्या 107 में 2500 वर्ग मीटर भूमि को करारनामा कर डेवलप को दिया था.




आरोप है कि, गोकुल जयराम पटेल और निमेश शशिकांत ठक्कर द्वारा किए समझौता के तहत गोकुल पटेल, निमेश शशिकांत ठक्कर भूखंड पर इमारत निर्माण कर कमाई का वित्तीय लाभ जमीन मालिक श्याम चौधरी को देंगे.चौधरी का आरोप है कि, बिल्डर द्वारा 2 बहुमंजिला इमारत का निर्माण कर कुल 235 फ्लैट बनाए जिसमें समझौते के तहत मुझे मेरा हिस्सा दिए बगैर ही सभी फ्लैट की विक्री कर भारी धोखाधड़ी की है.भिवंडी शहर पुलिस ने जमीन मालिक की शिकायत पर बिल्डर गोकुल पटेल, निमेश ठक्कर के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का आपराधिक मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है.

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMA N Qualification-
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

## मल्लिका शेरावत से ED ने की पूछताछ

- मैजिक विन गैम्बलिंग एप का प्रमोशन किया था
- इसका मालिक पाकिस्तानी

मैजिक विन गैम्बलिंग एप से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने फिल्म एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत और टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी से पूछताछ की है। पूछताछ कब हुई, इसका पता नहीं चला है, लेकिन गुरुवार को इसकी जानकारी सामने आई।

दोनों एक्ट्रेस मैजिक विन गैम्बलिंग एप के प्रमोशन से जुड़ी थीं। जानकारी के मुताबिक जांच में दोनों एक्ट्रेसेस दोषी नहीं पाई गई हैं। यह भी जानकारी सामने आई है कि इस एप का मालिक पाकिस्तानी नागरिक है, जबकि दुबई से कुछ भारतीय नागरिक इसका ऑपरेशन कर रहे थे।



ED की जांच में सामने आया है कि मैजिक विन एप ने गैरकानूनी तरीके से मेंस T20 वर्ल्ड कप का ब्रॉडकास्ट किया गया था। साथ ही ऑनलाइन बेटिंग लगाई गई थी।

जानकारी के मुताबिक मल्लिका शेरावत ने ईमेल के जरिए ED को अपना जवाब भेजा था, जबकि पूजा बनर्जी ED के अहमदाबाद कार्यालय में पूछताछ के लिए पहुंची थीं। सूत्रों के अनुसार, ED ने दो बड़े सेलिब्रिटीज को भी समन भेजे हैं। इसके अलावा, अगले हफ्ते 7 बड़े सेलिब्रिटी, टीवी कलाकार और कॉमेडियन को भी समन भेज सकती है। इस केस में पिछले 6 महीनों में ED ने देशभर में लगभग 67 जगह छापेमारी की है।

ED ने मंगलवार को कहा था कि एप की लॉन्च पार्टी में बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुई थीं। इन लोगों ने मैजिक विन के प्रचार के लिए वीडियो और फोटो शूट कराए और अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर शेयर भी किया था।

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
उल्हास वि NEWS GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985


www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099